## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–18.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार खत्म, अब केवल डोर टू डोर जनसम्पर्क कर सकेंगे प्रत्याशी।
- कल से पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों पर भेजा जायेगा।
- चुनाव आयोग ने मतगणना के सिलसिले में उम्मीदवारों से 20 नवंबर की शाम पांच बजे तक मांगा पोलिंग एजेंटों का ब्यौरा।
- राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में बढ़ी सुबह–शाम की ठंड, पिछले आठ दिनों में न्यूनतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज। और,
- चेन्नई में चल रही राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चौंपियनशिप के चौथे दिन झारखंड ने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण के लिए प्रचार आज समाप्त हो गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि अब प्रत्याशी केवल डोर टू डोर जनसंपर्क कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान वाले क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए बाहर से आये राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को वह जगह तत्काल छोड़ देना है।

श्री कुमार ने बताया कि इस चरण में 38 सीटों पर 20 तारीख को मतदान होगा। इसके लिए 14 हजार 218 बूथों बनाये गये हैं। श्री कुमार ने बताया कि कल से ही पोलिंग पार्टियों को मतगणना केन्द्रों पर भेजने का सिलसिला शुरु हो जायेगा।

***************

दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी होने केसाथ ही चुनाव आयोग मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। श्री कुमार ने सभी राजनीतिक दलों को 20 नवंबर की शाम पांच बजे तक मतगणना केन्द्र के लिए काउंटिंग एजेंट का ब्यौरा संबंधित आरओ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी साहिबगंज जिले की विधानसभा सीटों की, जहां दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित "नालन्दा ज्ञानकुम्भ" के समापन समारोह में शामिल हुए। समारोह में राज्यपाल ने "विकसित भारत एट द रेट 2047" के संदर्भ में "भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय भाषाओं की भूमिका" पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय ज्ञान की ज्योति से प्राचीन भारत में पूरे विश्व को आलोकित करता था।

***************

इससे पहले हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग के शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षकों ने कुलाधिपति से विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

***************

सुप्रीम कोर्ट ने आय  से अधिक संपत्ति मामले में जेल में बंद झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेन्द्र राम को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने वीरेंद्र राम को जमानत दे दी है। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले वर्ष 22 फरवरी को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी से पहले ईडी ने वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किया था।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में ठंड बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले आठ दिनों में न्यूनतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। इसके साथ ही सुबह और रात के वक्त लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है। ठंड के साथ ही रांची के कई इलाकों में कोहरे ने भी दस्तक दी है। मौसम विभाग ने कोहरे को लेकर  येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसारआने वाले 2–3 दिनों में ठंड और बढ़ेगी। देश के उत्तरी हिस्सों में पछुआ हवा चल रही है।

***************

चेन्नई में चल रही राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तमिलनाडु साइकिलिंग एसोसिएशन और साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस चैंपियनशिप के चौथे दिन आज झारखंड की झोली में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक आए। सरिता कुमारी ने जहां दो स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया, वहीं अमीर रियाज ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

******समाप्त*******